राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राजभवन में शिवाजी जयंती महोत्सव आयोजित

राज्यपाल श्री बागडे और मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने किया शिवाजी शोभायात्रा का अभिनंदन

शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

जयपुर, 19 फरवरी। राजभवन में बुधवार को शिवाजी जयंती महोत्सव का आयोजन हुआ। इस दौरान राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने इससे पहले घोड़े पर सवार शिवाजी की शोभायात्रा का राजभवन में अभिनंदन किया।

राज्यपाल श्री बागडे ने इस अवसर पर कहा कि शिवाजी ने प्रजा को योग्य एवं प्रगतिशील प्रशासन प्रदान कर राष्ट्र को निरंतर गौरवान्वित किया।

मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने शिवाजी के रण कौशल और छापामार युद्ध शैली को याद करते हुए भारतीय संस्कृति को प्रदत्त उनके महान योगदान को याद किया। उन्होंने जयंती पर उनके आदर्श अपनाने का आह्वान किया।

जय